Title : Need for construction of an over-bridge at Safedabad railway crossing in Barabanki District, U.P.

श्री रामसागर रावत (बाराबंकी) : सभापति महोदया, उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ-फैजाबाद राट्रीय मार्ग के रेलवे क्रासिंग सफेदाबाद और बाराबंकी पर उपरिपुल न होने से घंटों तक राज-मार्ग पर जाम लगा रहता है जिससे पूर्वांचल उत्तर भारत तथा उत्तरांचल भारत को जाने वाले नागरिकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। इस क्रासिंग पर कई बार भयंकर दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं। इस क्रासिंग पर ओवर ब्रिज बनाने की मांग कई बार इस सदन में भी हो चुकी है।

मैं पुनः भारत सरकार से इस महत्वपूर्ण स्थान पर जनहित में ओवर ब्रिज बनाने की मांग करता हूं।